नियम पूर्वक प्रत्येक चतुर्दशी को पाठ करने वाले मुफ्त प्राप्त करें

श्री जिनाय नम

अन्तिम केवली भगवान तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के द्वारा जो वाणी प्रसारित हुई, उसका विभाजन गणधर देव श्री गौतम स्वामी ने बारह अंगों में किया उन बारह अंगों को द्वादशांग वाणी के नाम से बोला जाता है। उनके भिन्न भिन्न नाम इस प्रकार हैं।

(१) आचारांग—जिसमे मुनियो का आचरण है। जिसके १८००० पद हैं।

(२) सूत्र कृतांग—इसमे सूत्र रूप से ज्ञान और धार्मिक रीतियों का वर्णन है। जिसमे ३६००० पद हैं।

(३) स्थानांग—एक से अनेक भेद रूप जीव पुद्गलादि का कथन है। इसके पद ४२००० हैं।

(४) समवायांग—इसमे द्रव्यादि की अपेक्षा एक दूसरे मे सहयोग का कथन है। इसमे १६४००० पद हैं।

(५) व्याख्या प्रज्ञप्ति—इसमे ६०००० प्रश्नो के उत्तर है। जिसके २२८० ० पद हैं।

(६) ज्ञात धर्म कथांग—इसमे जीवादि द्रव्यों का स्वभाव रत्नत्रय व दशलक्षण रूप धर्म का स्वरूप तथा सांसारिक—नाना पुरुषों सम्बन्धी धर्म कथाओं का निरूपण है। जिसमे ५५६०००० पद है।

(७) उपासकाध्ययनांग—इसमे गृहस्थो का चरित्र है। जिसके ११७० ०० पद है।

(८) अन्त कृद्दशांग—इसमे प्रत्येक तीर्थंकर के समय मे दस-दस मुनि घोर उपसर्ग सहकर केवली भये उनका चरित्र है। २३२८०००० पद हैं।

(९) अनुत्तरौपपादिक दशांग—इसमें प्रत्येक तीर्थंकर के समय जो दस-दस साधु उपसर्ग सहकर अनुत्तर विमानों में जन्मे उनकी कथा है। ९२४४००० पद हैं।

(१०) प्रश्न व्याकरणांग—इसमें त्रिकाल सम्बन्धी अनेकानेक प्रकार के प्रश्नों का उत्तर देने की विधि और उपाय बतान रूप व्याख्यान तथा लोक और शास्त्र में प्रचलित शब्दों का निर्णय है। जिसके पद ९३१६०००० हैं।

(११) विपाक सूत्रांग—इसमें कर्मों के बंध व फलादि का कथन है। जिसके १८४००००० पद हैं।

(१२) दृष्टि प्रवादांग—इसमें ३६३ मतों का निरूपण व खंडन है। पूर्व आदि का कथन है। इसमें ८६८५६००५ पद हैं।

इन द्वादशाङ्ग वाणी के कुछ सार रूप अंशों को जैन आचार्यों द्वारा चार प्रकार की श्रेणी में विभाजन कर लिखित रूप देकर ताड़ पत्रों आज पत्रों पर शास्त्र बनाये। जिनको क्रमानुसार पढ़ने की आज्ञा दी उनके नाम हैं—प्रथमानुयोग-करणानुयोग-चरणानुयोग द्रव्यानुयोग—इन ही चार प्रकार के ग्रंथों द्वारा जनागम का ज्ञान होता है। आज्ञानुसार पढ़ने और श्रद्धा करने से सच्चे ज्ञान की प्राप्ति होती है। जिस ज्ञान का श्रद्धान होने से मोक्ष पद को पा लेना सुगम होता है।

आठ कर्म और उनके भेद
मूल कर्म आठ प्रकार के होते हैं

(१) ज्ञानावरण—जो आत्मा के ज्ञान गुण को ढके।

(२) दर्शनावरण—जो आत्मा के दर्शन गुण को ढके (सच्चे श्रद्धान को रोकना)।

(३) वेदनीय—जो संसारी सुख-दुख की सामग्री जोड़कर सुख दुख का भोग करावे।

(४) मोहनीय—जो आत्मा के श्रद्धान और चारित्र की (शान्ति) को बिगाड़े।

(५) आयु—जो शरीर म आत्मा का निश्चित समय तक नियत्रण (कैद) रखे।

(६) नाम—जो शरीर की अच्छी-बुरी रचना (रूप-कुरूप) करें।

(७) गोत्र—जो ऊच-नीच कुल म जन्म करावें।

(८) अन्तराय—जो लाभ भोग, उपभोग दान उत्साह मे विघ्न उत्पन्न करे।

इन आठो क न० १ २ ३ ८ चार कर्मों को घातिया कर्म क नाम से प्रसिद्ध किया है। जो आत्मा क सच्चे गुणों की घात करते रहते हैं। शेष चार अघातिया कहलाते हैं। जो अरिहन्त त्व क भी सिद्ध अवस्था प्राप्त नहीं होने तक साथ नहा छोडते हैं। इन चार अघातिया कर्मों का काय बाहरी सामग्री का जोडना है। यह तो आयु कर्म के समाप्त होते ही साथ-साथ चले ही जाते हैं। कारण इनसे आत्मा का कुछ बिगाड होने की सभावना नही। मात्र आयु कर्म के सहचर होने के कारण उसका साथ निभाते हैं।

योनि (पर्याय अथवा जन्म लेने क स्थान)

समस्त ससारी जीवा की ८४००००० चौरासी लाख योनियाँ होती हैं। जिनका विवरण सक्षेप म नीचे लिखे अनुसार है।

नित्य निगोद की ७ लाख। इतर निगोद की ७ लाख। अन्य वनस्पतियों की १० लाख। दो इन्द्रिय जीवों की २ लाख। तीन इन्द्रिय जीवों की २ लाख। चार इन्द्रिय जीवो की २ लाख। देवो की ४ लाख। नारकियों की ४ लाख। पचेन्द्रिय तिर्यचो की ४ लाख। मनुष्यो की १४ लाख (उत्पत्ति स्थान) तो ससारी जीव जो नाना लाख म भ्रमण करते हैं अगणित प्रकार के हैं।

उदाहरण से स्पष्ट हो जाता है वास्तव म जल एक ही प्रकार का है परन्तु उसको भिन्न भिन्न प्रकार के पदार्थ तथा पृथ्वी के सयोग मिलने से अनेक प्रकार का विख्यात होता है। कोई मीठा कोई खारा, कडवा गधक से गम बर्फ से ठडा हलका भारी हाजिम रोगनाशक रोग कारक, सुगधित,

दुर्गंधित काला सफेद—जैसे त्रिवेणी के संगम पर तिरंगा आदि आदि। जैसा संयोग उसके अनुसार हो जाता है। परन्तु शुद्ध जल की दृष्टि से जल एक समान है।

इसी प्रकार समस्त जीव (जीव द्रव्य दृष्टि) से तो एक समान हैं। परन्तु भाग्यवश उनको जैसा बाहरी निमित्त साधन मिलता है उसी प्रकार शक्ति धारक जीवों में परस्पर अन्तर हो जाता है।

हाथी चिवटी देव मनुष्य सभी की आत्मा में कोई अन्तर नहीं। परन्तु भाग्यवश कर्मानुसार शरीर बल ज्ञान वैभव में महान अन्तर होता है। मनुष्य के भी रंग रूप चाल-ढाल बोल निधन धनी मूर्ख विद्वान सभ्य असभ्यता में अनेक प्रकार हैं—यह अन्तर का कारण कर्म भाग्य किस्मत तकदीर कुछ भी कह लो बात एक ही है।

जीव आत्मा का मुख्य गुण ज्ञान है। अथवा आत्मा तो कोरा शुद्ध ज्ञान ही ज्ञान है। जो प्रत्येक प्राणी की आत्मा में उसके कर्म पर्याय अनुसार पाया ही जाता है। चार घातिया कर्मों का नाश होते ही शुद्ध केवल ज्ञान की प्राप्ति स्वमेव हो जाती है उसी अवस्था को केवली अरिहंत अवस्था कहते हैं।

इन आठों कर्म की १४८ प्रकृतियों का विस्तार

क्रम	नाम	भेद संख्या
१	ज्ञानावर्णी	५ प्रकार
२	दर्शनावर्णी	६
३	वेदनीय	२
४	मोहनीय	२८
५	आयु	४
६	नाम	९३
७	गोत्र	२
८	अन्तराय	५
	एक सौ अड़तालीस—जोड़ कुल	१४८ प्रकृतियां

आठों कर्म की उत्कृष्ट स्थिति बंध का काल निम्न प्रकार है—

१	ज्ञानावर्णी—कर्म की आयु काल	३०	कोड़ा कोड़ी	सागर
२	दर्शनावर्णी— ,,	३०	,,	,,
३	वेदनीय— ,,	३०		
४	मोहनीय— ,,	७०		,,
५	आयु—	३३	,,	
६	नाम—	२०	,,	,,
७	गोत्र—	२०		,,
८	अन्तराय— ,,	३०		,,

करोड़-कोड़ी का अर्थ करोड़×करोड़=कोड़ा कोड़ी

सागर का अर्थ है असंख्यात वर्ष अनगिनत जैसे सागर के जल की बूँद गिनना असम्भव है। इसी तरह सागर की अवधी तो केवल ज्ञान का विषय है केवली ही जानें। और पल्य का अर्थ है—गड्ढा। जो सागर के मुकाबले में बहुत ही कम है परन्तु उसका इस काल के जीव गणना करने में असमर्थ ही हैं—प्रथम स्वर्ग के सौधर्म इन्द्र की आयु २ सागर और उसकी शचि इन्द्राणी की आयु केवल ५५ पल्य की। जो इन्द्र की २ सागर की आयु में शचि इन्द्राणी ४० नील की संख्या में हो जाती है। इससे सागर और पल्य का अन्तर समझ लो। यह आठों कर्म वर्गणाएं अपनी स्थिति से अधिक कर्या आत्मा के साथ नहीं रह सकती है। अवश्य ही समय पूरा होने पर झड़ जावेगी।

कुछ ही पीछे मूल कर्म के आठ भेद बताये गये। उन आठ मूल कर्मों की शाखा प्रतिशाखा की १४८ प्रकृतियाँ भी बताई गई। अब उनके नाम का विवरण संक्षेप में पढ़िये।

ज्ञानावरण के पाँच भेद

(१) मति ज्ञानावरण—पाँचों इन्द्रियों-मन के द्वारा पदार्थों के ज्ञान को आवरण (ढकने) वाला।

(२) श्रुत ज्ञानावरण—मानसिक ज्ञान को ढकने वाला।

(३) अवधि ज्ञानावरण—बिना मन और इन्द्रियों के आत्म शक्ति से मूर्तिक पदार्थों को जानने में बाधक होना।

(४) मन पर्ययज्ञानावरण—बिना इन्द्रिया मन के सहारे आत्म शक्ति से दूसरे के मन के विषय को जानने में बाधक होना।

(५) केवल ज्ञानावरण—त्रिलोक के त्रिकालवर्ती समस्त पदार्थों को एक साथ जानने में बाधक होना।

दर्शनावरण के नौ भेद

(१) चक्षु दर्शनावरण—नेत्रों द्वारा ज्ञान में प्रथम होने वाला निराकार उपयोग को ढके।

(२) अचक्षु दर्शनावरण—नेत्रों के अतिरिक्त अन्य इन्द्रियों की जानकारी से प्रथम निराकार प्रतिभास में बाधक।

(३) अवधि दर्शनावरण—अवधि ज्ञान के पहले होने वाला निराकार उपयोग में बाधक।

(४) केवल दर्शनावरण—केवल ज्ञान के साथ होने वाला निराकार उपयोग में बाधक।

(५) निद्रा—जिसके उदय से कुछ नींद आती हो।

(६) निद्रा निद्रा—जिसके उदय से नींद से जगने पर पुन नींद आती हो।

(७) प्रचला—जिसके उदय से बैठे-बैठे ऊंघ आती रहे।

(८) प्रचला प्रचला—जिसके उदय से सोते हुये मुख से [illegible] गिरे। हाथ पैर भी चलते रहे।

(९) स्त्यानगृद्धि—जिसके उदय से नींद में [illegible] पुन सो जाय।

वेदनीय के दो भेद

(१) साता वेदनीय—जो साता भोग कराय (दर्शन अनि)

(२) असाता वेदनीय—जो दुख पीड़ा का भोग कराय।

मोहनीय की २८ प्रकृतियाँ (भेद)

दर्शन मोहनीय की तीन

(१) मिथ्यात्व—जिसके उदय से सच्चे तत्व धर्म का श्रद्धान न होने दे।

(२) सम्यग्मिथ्यात्व—जिसके उदय से सत्य असत्य मिश्रित तत्व श्रद्धा हो।

(३) सम्यक्त्व प्रकृति—जिससे सत्य श्रद्धान धर्म मल अगाढ दोष उत्पन्न करने वाला कर्म।

चारित्र मोहनीय के मूल दो भेद हैं—

१ कषाय—१६ भेद।

२ नो कषाय—९ भेद।

कुल चारित्र मोहनीय की १६+९=२५ प्रकृतियां होती हैं

(१) अनन्तानुबंधी क्रोध—जिससे सम्यक् दर्शन और स्वरूप से आचरण रूप चारित्र का घात हो इसकी मर्यादा पत्थर की लकीर और इसकी रेखा के समान अमिट सी है जो दीर्घकाल तक फल देती है।

(२) अनन्तानुबंधी मान—पत्थर के समान नहीं झुकने वाला अभिमान।

(३) अनन्तानुबंधी माया—बांस की जड़ समान बहुत गहरा उलझा हुआ छल कपट (मायाचारी)।

(४) अनन्तानुबंधी लोभ—मजीठ के रंग समान नहीं छूटने वाले रंग समान लालच—इन कषायों के उदय से स्वरूपाचरण चारित्र तथा सम्यग्दर्शन होने का अभाव होता है।

(१) अप्रत्याख्यानावरण क्रोध—जिसमे श्रावक गृहस्थ के व्रत न हो सकें। इस क्रोध की अवधि इतनी होती है जैसे मन में हल चलाने से कुछ निकाले हैं और वर्षा कई साल तक होने पर भूमि समतल होती है—

२+३+४=अप्रत्याख्यानावरण मान+माया+लोभ—इन तीनों को भी अनन्तानुबंधी से कुछ ही कम समझना चाहिए।

(१) प्रत्याख्यानावरण क्रोध—इस कर्म के उदय से साधु के व्रत पालन करने में बाधा पड़ती है—ऐसे ही और

२+३+४=प्रत्याख्यानावरण-मान+माया+लोभ इन तीनों का प्रभाव पड़ता है।

(१) संज्वलन क्रोध—जिसके प्रभाव से पूर्णतया यथाख्यात चारित्र का पालन नहीं हो सके। इसी के समान तीनों।

२+३+४=संज्वलन-मान+माया+लोभ=का प्रभाव जानना चाहिए यह कषाय मंदतम है जो मुनियों को ही पाई जाती है—या किसी विरले ग्रहस्थ को भी हो सकती है।

नो कषाय-अथवा अल्प कषाय—१ हास्य—हँसी आना २ रति—इन्द्रिय विषयों में प्रीत ३ अरति—कुछ भी नहीं सुहाना ४ शोक—सोच विचार में रहना ५ भय—डरते रहना ६ जुगुप्सा—जिससे ग्लानि रहे ७ स्त्री वेद—पुरुष में रमण रुचि ८ पुरुष वेद—स्त्री में रमण की रुचि ९ नपुंसक वेद—जिससे दोनों में रमण करने की रुचि हो।

आयु कर्म की चार प्रकृतियाँ

नरक आयु—जिसमें नारकी के शरीर में रहे। कारण—[illegible] अत्याचार अनाचार दुराचार है। रौद्र प्रणामी नरक का [illegible]

तिर्यंच आयु—जिससे एकेन्द्री से पंचेन्द्री पशु की [illegible]। कारण—तीव्र लोभी, मायाचारी।

मनुष्य आयु—जिसमे मानव देह मे रहे। सरल परिणामी होने से मनुष्य आयु ही है।

देव आयु—जिससे देव आयु की पर्याय मे रहे। व्रत तप, सयम दान से देव आयु मिले।

नाम कर्म की तिरानवें प्रकृतियां हैं

शरीर की सुन्दरता-कुरूपता सलोना-बेडगा अगोपाग की हीनता-अधिकता सुन्दरमय आकर्षक वर्ण-दुर्गन्ध घिनावना बनाना वर्ण यह सब ही नाम कर्म की देन है।

[४ गति]—(नरक तिर्यच मनुष्य और देव)—इस गति-नामकर्म के उदय से जीव का आकार नरक, तिर्यच मनुष्य और देव के समान बनता है।

[५ जाति]—एकइन्द्रिय दोइन्द्रिय तीनइन्द्रिय, चारइन्द्रिय और पाचइन्द्रिय—इस जाति नामकर्म के उदय मे जीव एकइन्द्रिय आदि शरीर को धारण करता है।

[५ शरीर]—(औदारिक वैक्रियक आहारक तैजस और कार्मण)—इस शरीर नामकर्म के उदय से जीव औदारिक आदि शरीर को धारण करता है।

[अङ्गोपाग]—(औदारिक वैक्रियक और आहारक)—इस नामकर्म के उदय से हाथ पर सिर पीठ, वगैरह अग और ललाट नासिका वगैरह उपाग का भेद प्रगट होता है।

[२ निर्माण]—इस नामकर्म के उदय से अगोपाग की ठीक रचना होता है।

[५ बधन]—(औदारिक वैक्रियक आहारक तैजस और कार्मण)—इस नामकर्म के उदय से औदारिक आदि शरीरो के परमाणु आपस मे मिल जाते हैं।

[६ संघात]—(औदारिक वैक्रियक आहारक तैजस और कार्मण)—इस नामकर्म के उदय से औदारिक आदि शरीरों के परमाणु बिना छिद्र के एक रूप में मिल जाते हैं।

[६ संस्थान]—(समचतुरस्रसंस्थान न्यग्रोधपरिमंडलसंस्थान स्वाति संस्थान कुब्जकसंस्थान वामनसंस्थान और हुंडकसंस्थान) इस नामकर्म के उदय से शरीर की आकृति यानी शक्ल सूरत बनती है।

समचतुरस्रसंस्थान—इस नामकर्म के उदय से शरीर की आकृति ऊपर, नीचे तथा बीच में ठीक ठीक बनती है।

न्यग्रोधपरिमंडलसंस्थान—इस नामकर्म के उदय से जीव का शरीर बड़ के पेड़ की तरह होता है अर्थात् नाभि से नीचे के भाग छोटे और ऊपर के बड़े होते हैं।

स्वातिसंस्थान—इस नामकर्म के उदय से शरीर की शक्ल पहले से बिलकुल उल्टी होती है यानी नाभि से नीचे के भाग बड़े और ऊपर के छोटे होते हैं।

कुब्जकसंस्थान—इस नामकर्म के उदय से शरीर कुबड़ा होता है।

वामनसंस्थान—इस नामकर्म के उदय से शरीर बौना होता है।

हुंडकसंस्थान—इस नामकर्म के उदय से शरीर के अंगोपांग किसी खास नाप के नहीं होते। कोई छोटा कोई बड़ा कोई कम कोई ज्यादह होता है।

[६ संहनन]—वज्रवृषभनाराचसंहनन वज्रनाराचसंहनन, नाराचसंहनन अर्द्धनाराचसंहनन कीलकसंहनन और असंप्राप्तासृपाटिकासंहनन)—इस नामकर्म के उदय से हाड़ों का बंधनविशेष होता है।

वज्रवृषभनाराचसंहनन—इस के नामकर्म उदय से वज्र के हाड़ वज्र के बेठन और वज्र की कीलियां होती हैं।

वज्रनाराचसंहनन—इस नामकर्म के उदय से वज्र के हाड और वज्र की कीली होती हैं परन्तु वेठन वज्र के नहीं होते।

नाराचसंहनन—इस नामकर्म के उदय से हड्डियों में वेठन और कीलें लगी होती हैं।

अर्द्ध नाराचसंहनन—इस नामकर्म के उदय से हड्डियों और संधियाँ आधी कीलित होती हैं यानी एक तरफ से कीलें लगी होती हैं परन्तु दूसरी तरफ नहीं होता।

कीलकसंहनन—इस नामकर्म के उदय से हड्डियों की संधियाँ कीलों से मिली होती हैं।

असंप्राप्तासृपाटिकासंहनन—इस नामकर्म के उदय से जुदी जुदी हड्डियाँ नसों से बंधी होती हैं उनमें कीलें नहीं लगी होती हैं।

[८ स्पर्श]—(कड़ा नर्म हलका भारी ठंडा गर्म चिकना और रूखा)—इस नामकर्म के उदय से शरीर में कड़ा नर्म, हलका भारी वगैरह स्पर्श होता है।

[५ रस]—(खट्टा मीठा कड़वा कषायला और चरपरा)—इस नामकर्म के उदय से शरीर में खट्टा मीठा वगैरह रस होते हैं।

[२ गन्ध]—(सुगन्ध दुर्गन्ध)—इस नामकर्म के उदय से शरीर में सुगन्ध या दुर्गन्ध होती है।

[५ वर्ण]—(काला पीला नीला लाल और सफेद)—इस नामकर्म के उदय से शरीर में काला पीला वगैरह रंग होते हैं।

[४ आनुपूर्व्य]—(नरक तिर्यंच मनुष्य और देव)—इस नामकर्म के उदय से विग्रहगति में यानी मरने के पीछे और जन्म से पहले रास्ते में मरने से पहले के शरीर के आकार के आत्मा के प्रदेश रहते हैं।

[१ अगुरुलघु]—इस नामकर्म के उदय से शरीर न तो ऐसा भारी होता

है जो नीचे गिर जावे और न ऐसा हलका होता है जो आक की रुई की तरह उड़ जावे।

[१ उपघात]—इस नामकर्म के उदय से ऐसे अंग होते हैं जिनसे अपना घात हो।

[१ परघात]—इस नामकर्म के उदय से दूसरे का घात करने वाले अंगोपांग होते हैं।

[१ आतप]—इस नामकर्म के उदय से आतप रूप शरीर होता है।

[१ उद्योत]—इस नामकर्म के उदय से उद्योत रूप शरीर होता है।

[१ विहायोगति]—(शुभ अशुभ)—इस नामकर्म के उदय से जीव आकाश में गमन करता है।

[१ उच्छ्वास]—इस नामकर्म के उदय से जीव श्वास और उच्छ्वास लेता है।

[१ त्रस]—इस नामकर्म के उदय से दो इन्द्रिय आदि जीवों में जन्म होता है अर्थात् दो इन्द्रिय तीन इन्द्रिय चार इन्द्रिय अथवा पांच इन्द्रिय होता है।

[१ स्थावर]—इस नामकर्म के उदय से पृथ्वी जल अग्नि वायु अथवा वनस्पति में अर्थात् एक इन्द्रिय में जन्म होता है।

[१ बादर]—इस नामकर्म के उदय से दूसरे को रोकनेवाला और स्वयं दूसरे से रुकनेवाला शरीर होता है।

[१ सूक्ष्म]—इस नामकर्म के उदय से ऐसा बारीक शरीर होता है जो न तो किसी से रुकता और न किसी को रोकता है। लोहे मिट्टी पत्थर के बीच में से होकर निकल जाता है।

[१ पर्याप्ति]—इस नामकर्म के उदय से अपने योग्य अपने आहार, शरीर इन्द्रिय श्वासोच्छ्वास भाषा और मन इन पर्याप्तियों की पूर्णता होती है।

[१ अपर्याप्ति]—इस नामकर्म के उदय से एक भी पर्याप्ति शरीर की पूर्ण नहीं होती।

[१ प्रत्येक]—इस नामकर्म के उदय से एक शरीर का स्वामी एक ही जीव होता है।

[१ साधारण]—इस नामकर्म के उदय से शरीर के स्वामी अनेक जीव होते हैं।

[१ स्थिर]—इस नामकर्म के उदय से शरीर के धातु और उपधातु अपने अपने ठिकाने रहते हैं।

[१ शुभ]—इस नामकर्म के उदय से शरीर के अवयव (हिस्से) सुन्दर होते हैं।

[१ अशुभ]—इस नामकर्म के उदय से शरीर के अवयव (हिस्से) भद्दे होते हैं।

[१ शुभग]—इस नामकर्म के उदय से दूसरे जीवों को अपने से प्रीति होती है।

[१ दुभग]—इस नामकर्म के उदय से दूसरे जीव अपने से अप्रीति व वैर करते हैं।

[१ सुस्वर]—इस नामकर्म के उदय से स्वर अच्छा होता है।

[१ दुःस्वर]—इस नामकर्म के उदय से स्वर अच्छा नहीं होता है।

[१ आदेय]—इस नामकर्म के उदय से शरीर पर प्रभा और कान्ति होती है।

[१ अनादेय]—इस नामकर्म के उदय से शरीर पर प्रभा और कान्ति नहीं होती है।

[१ यशःकीर्ति]—इस नामकर्म के उदय से जीव का संसार में प्रशंसा और कीर्ति (नामवरी) होती है।

[१ अयशकीर्ति]—इस नामकर्म के उदय से जीव की संसार में कीर्ति नहीं होने पाती।

[१ तीर्थंकर]—इस नामकर्म के उदय से जीव को अरहन्त पद मिलता है अर्थात् वह तीर्थंकर होता है।

गोत्र कर्म की २ प्रकृतियाँ

(१) उच्च गोत्र—जिससे लोक माननीय कुल में जन्म ले।

(२) नीच गोत्र—जिससे लोक निंद्य कुल में जन्म ले।

अंतराय कर्म की पाँच प्रकृतियाँ

(१) दानान्तराय—जिससे प्राणी समर्थवान होने पर भी दान नहीं कर सके।

(२) लाभान्तराय—लाभ होने-लेने में सफलता नहीं हो।

(३) भोगान्तराय—भोग सामग्री होने पर भी भोग नहीं सके।

(४) उपभोगान्तराय—जिसके प्रभाव से उपभोग पदार्थों का उपभोग नहीं हो सके।

(५) वीर्य अन्तराय—पूरी शक्ति का नहीं होते हुए आत्म बल और शरीर बलवान नहीं हो।

यह सभी अष्ट कर्मों की ५+९+२+२८+४+९३+२+५= एक सौ अड़तालीस प्रकृतियाँ होती हैं।

अनोखी चर्चा

दया के भेद ८ प्रकार के हैं—

(१) द्रव्य दया—प्रत्येक काम को करते हुए जीव हिंसा का ध्यान रखना।

(२) भाव दया—दूसरे जीवों को दुरगति जाते देख कर अनुकंपा बुद्धि से उपदेश देना।

(३) स्व दया —आत्मा अनादि म मिथ्यात्व म ग्रसित है तत्व को नही पहिचान जिनाज्ञा का पालन नही कर पा रही है। इस प्रकार चिंतवन कर धर्म म प्रवेश करना।

(४) पर दया—षट काय जीवो की यथा शक्ति दयाद्र भाव स रक्षा करना।

(५) स्वरूप दया—सूक्ष्मता स चित्त को एकाग्र रख स्वरूप का विचार करना।

(६) अनुबध-दया—सद्गुरु तथा गुणिशिक्षक के व्यवहार म कडवे वचन स उपदेश देना। जिसम भाव सुधार हान के रहें। ऐसा कडवापन अयोग्य लगने पर भी परिणामो म करुणा का कारण है।

(७) व्यवहार दया—उपयोग पूर्वक और विधि पूर्वक दया पालन करना।

(८) निश्चे दया—शुद्ध साध्य उपयोग म एकता भाव और अभेद उपयोग का होना।

उपरोक्त आठो प्रकार की दया भाव को व्यवहार धर्म कहते हैं। ऐसे भाव जीवों का सुख सतोष अभय दान सभी दर्शाते हैं।

निश्चे धर्म—स्वरूप का भ्रमणा दूर करनी आत्मा को आत्म भाव से पहिचानने का उपाय ससार मेरा नही मैं इससे भिन्न परम असग सिद्ध सदृश शुद्ध आत्मा हूँ। इस प्रकार आत्म स्वभाव म प्रवृत्ति करना।

ससारी प्राणी के दुख अहित असतोष भयभीत को देख दया भाव उत्पन्न नही होता उसको अधम कहते हैं अथवा यह धर्म नही। अरिहतदेव के कहे धर्म तत्व स सभी प्राणी अभय होते हैं। यही कारण है इनके समोसरण म बठे प्राणी मात्र जाति विरोधी होते हुये भी सरल परिणामो स समता भाव से भगवान की वाणी ध्यानपूर्वक सुन आनन्द का अनुभव करते हैं। ऐसी निरक्षर वाणी की महानता का वर्णन करने म कौन समर्थ है कोई नही।

पंच परमेष्टि के १०८ गुणों का ब्योरा—

१२ गुण अर्हन्त भगवान के ८ सिद्धों के ३६ आचार्य के, २५ उपाध्याय के २७ साधु के कुल १०८ गुण हो गये।

आचार्य पद में रहते हुए छठे गुण स्थान से ऊपर नहीं चढ़ सकते जहाँ मुनि बारहवें गुण स्थान तक सरलता से चढ़ जाता है। ऊँचे गुण स्थान की प्राप्ति के लिये आचार्य महाराज को अपने पद को छोड़कर मुनि पद धारण करना पड़ता है। इसका कारण मान कषाय की कुछ अधिकता और मुनियों की साधना को देखभाल के साथ विचार में उनको प्रायश्चित्त देने में सारा आत्म चिन्तन का समय पूर्णतया नहीं मिलता।

मान कषाय से अधोगति के प्रमाण—

चक्रवर्ती की पटरानी जो अन्तिम छठे नरक ही जाती है। वह मान कषाय से ही अधोगति होती है। वह यह सोचती रहती है मैं चक्री की ९६००० रानियों में प्रमुख और छः खंड पर राज करने वाला मेरे वश में है यही मान (घमंड) उसे छठे नरक में ले जाता है ऐसा नियम है।

बाहु बलि को मान के वश घोर तपस्या करने पर भी केवल ज्ञान होने में देर लगी

जब भरत चक्री के भ्राता को घोर तपस्या करते-करते बारह मास बीत गये महान तप से उनकी काया अति क्षीण अवस्था पंजरावशेष रह गई वह सूखे वृक्ष समान दिखने लगे। फिर भी मान अंकुर अंत करण से नहीं छूटा जिसके कारण केवल ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकी। ब्राह्मी सुन्दरी ने उपदेश दिया—हे भाई वीर घोर तपस्वी मदोन्मत्त हाथी पर से उतरो। जिसके कारण बहुत सहन करना पड़ा। यह शब्द कान में पड़ते ही विचारते विचारते यह भान होने लगा, ठीक है—मैं अभी मदोन्मत्त हाथी से तो उतरा ही नहीं। इस पर से उतरना ही मंगल कारक होगा। यह निश्चय कर वन्दना हेतु पैर उठाना ही चाहा तो उन्होंने तुरन्त ही अनुपम दिव्य केवल ज्ञान को पाया। मान की अणु मात्र शल्य भी दूषित वस्तु है।

रतन राशि मे

अनुपम—(चिन्तामणि) को भव्य जीव ही ग्रहण करेगा

अतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के मोक्ष पधारने के पीछे छ केवली और हो गये हैं जिनको मोक्ष पचमकाल के प्रारम्भ मे होने का कारण यही है कि इनका जन्म चतुर्थकाल मे हो चुका था उनके नाम—गौतम स्वामी जम्बू स्वामी श्रीधर जीवधर सुधर्माचार्य उद्यायन।

चौबीस तीर्थङ्कर कौन-कौन आसन से मुक्त पधारे—

पद्मासन से—श्री शान्तिनाथ श्री वासु पुज्य श्री नेमनाथ।

खड्गासन से—शेष २१ भगवान खड्गासन से मुक्त पधारे।

जीवों में तीन प्रकार के भव्य—

भव्य—जिसमे सम्यग्दर्शन ग्रहण करने की योग्यता हो।

दूरानुदूर भव्य—ऐसे जीव मे ऐसी योग्यता तो है परन्तु उसको सम्यक्त्व धारण करने का निमित्त मिलेगा ही नही।

अभव्य—मे सम्यक् प्रगट करने की योग्यता है ही नही। इन तीनो का उदाहरण ऐसा बताया है। जैसे पुत्रवती विवाहिता स्त्री के समान विधवा स्त्री के समान बाझ स्त्री के समान।

सम्मूर्छन जीव—जिन जीवो की उत्पत्ति (जन्म) गर्भ से नही होते हुये, पच भूत के समागम मिलने पर भूत चतुष्टय बन जाती है। ऐसे सम्मूर्छन जीव अपर्याप्त अवस्था मे ही जनमते मरते रहते हैं। अपर्याप्त का अर्थ है जिस जीव के अगोपाग पूर्ण होने से पहले ही जन्म मरण को प्राप्त हो वह अपर्याप्त जीव कहलाता है। ऐसे सम्मूर्छन जीव स्त्री की योनि बगल जघा कान स्तन के नीचे अधिक संख्या मे सदैव जन्म मरण करते रहते हैं जिनका स्त्री भोग के समय हतान्त होना अवश्य ही होता है। स्त्री आलिंगन मात्र से भी इन जीवो की हिंसा होती है।

ब्रह्मचारी इस हिंसा कार्य से मुक्त हो रहता है—

स्त्री पर्याय को घोर तप करने पर भी सोलवें स्वर्ग तक जाने की ही

स्थापना है जहाँ पाप से पाप करने पर भी सातवें नरक से आगे नहीं। इसका कारण उच्चतम संहनन का अभाव ही होता है।

प्रथम स्वर्ग के सौधर्म इन्द्र की सम्पूर्ण आयु पर्यन्त के अन्तराल में उसकी शची इन्द्राणियां का संख्या चालीस नील है जो एक के पीछे एक जन्म लेती है। अर्थात् शची इन्द्राणी अपनी ५५ पल्य मात्र की आयु पूर्ण कर केवल एक भव मनुष्य का जन्म धारण कर नियम से इसी से पहले मोक्ष प्राप्त कर लेती है। इसके महान पुण्य का कारण तीर्थंकर भगवान का गर्भ प्रथम सपर्शन और दान पान का है। ऐसा अवसर एक ही शची इन्द्राणी का अधिक से अधिक १७० तीर्थंकरों के जन्म कल्याणक का अवसर प्राप्त हो सकता है जो—५ भरत के + ५ ऐरावत के + १६० विदेह क्षेत्र की नगरियों के कुल १६० + १० = १७० तीर्थंकरों का जन्म कल्याणक करने का सौभाग्य प्राप्त कर सकती है।

पल्य—अर्थात् गड्ढा—सागर अर्थात् समुद्र।

पल्य के विस्तार की अवधि ज्ञानी ही अनुभव कर सकता है।

सागर का विस्तार भी केवल ज्ञान का ही विषय है।

पूर्व—श्रुतज्ञान का विषय है एक पल्य पूर्व से असंख्यात गुणा और सागर पल्य से असंख्यात गुणा ही समझना चाहिए। एक पूर्व (७०५६०००००००००) वर्ष का होता है। चौरासी लाख वर्ष का एक पूर्वांग चौरासी लाख पूर्वांग का एक पूर्व।

श्री पद्मनन्दि स्वामी के शब्द

भव्य का रुचि—चैतन्य स्वरूप आत्मा के प्रति प्रीति-पूर्वक उसकी कहानी भी जिसने सुनी है वह भव्य जीव निश्चय से भावी निर्वाण का भाजन होता है।

भागचन्द जी के शब्द

नित्य निगोद माहि ते कढ़ कर नर पर्याय पाय सुखदानी।
समकित लह अंतर्मुहूर्त में केवल पाय वरे शिवरानी॥

आगम म भी एसा लेख मिलता है नित्य निगोद स सीधी नर पर्याय धारण करने वाले भरत चक्रवर्ती क ३२००० पुत्र उसी पर्याय स मोक्ष पधारे। यह है सायक सम्यक्त्व की अपरम्पार महिमा।

देवागनाओं की उत्पत्ति—जिनागम म दूसरे स्वग तक ही कही है। सोलहवें स्वग तक क देव अपनी अपनी नियोगनी देवागनाओं की उत्पत्ति अवधि ज्ञान द्वारा जान यहाँ स अपन अपन स्वर्गो म ले जाते हैं ऐसी देवयों का पुण्य उपरन स्वर्गो के अनुसार ही होता है।

सोलहवें स्वग स ऊपर क स्वर्गों म सभी देव समान पदवी वभव के धारी अहमन्द्र होते हैं इनम समानता होने के कारण ईर्षा भाव का अभाव है। यहाँ देवागनायें भी नहीं होती हैं इसी लिए इन अहमन्द्रो को काम वासना का स्वाभाविक अभाव है तो इनका आजन्म ब्रह्मचारी होना भी स्वाभाविक ही होता है। ग्रीवक स उपरल नो अनुदिश—चार अनोत्तर विमानो क देव नियम स निकट भव्य—दो भवधारी अधिक स अधिक होते हैं जहाँ स्वार्थसिद्धि के एका भवधारी नियम स होते हैं। लोकान्तिक देव भी नियम से एका भवधारी और लोकपाल तथा इन्द्र प्रथम स्वग का और उसकी शची इन्द्राणी सभी नियम स एकाभवधारी ही होते हैं—यह सब ही जाव सम्यग्दृष्टि होते हैं।

मद कषाय की महिमा—मन्द कषाय होने क कारण भोग भूमि के सभी जीव नियम पूवक देवलोक म ही उत्पन्न होते हैं और यह भोग भूमया जीव दीर्घ आयु होते हुए भी सारी आयु ब्रह्मचारी रहते हैं केवल अन्तिम समय एक बार सभोग करते हैं जिसके कारण उनके जुगल जोड (सतान) की उत्पत्ति होते ही एक जमाई मात्र स मृत्यु हो जाती है।

सहनन—चतुर्थकाल तक छहो सहनन होते हैं जहाँ पाचवें दुखमा काल में अंतिम तीन सहनन का होना सभव है जसे बन्दर की कीलक सहनन होता है।

निगोदा जीव—लोकालोक और अष्टम भू अथवा सिद्धालय म भी स्थित है।

अपर्याप्त पंचेइन्द्रिय सम्मूछन जीव—स्त्री के शरीर में निरंतर उत्पन्न होते रहते हैं। जिनका स्थान विशेष रूप से स्त्री की योनि बताया है ऐसे जीवों का मनुष्य संभोग करने से निश्चय मरण होता है। इस दृष्टि में ब्रह्मचर्य व्रत पालन करना उत्तमोत्तम और कल्याणकारी है। एक ब्रह्मचारी व्रत ही देवायु में ले जाता है जहाँ अष्टान्हिका पर्व में नन्दीश्वर द्वीप के अकृत्रिम चैत्यालयों के दर्शन मात्र से सम्यक्त्व की उत्पत्ति निश्चय और सरल होती है।

दिन रात का विचार—जब विदेह क्षेत्र में दिन होता है तो भरत क्षेत्र में रात्री होता है ऐसा आगम कहता है। इस पंचम दुखमा काल में भगवान कुन्दकुन्दाचार्य की जैव विदेह क्षेत्र में सीमंधर तीर्थंकर के समोशरण में ले गया था वहाँ आचार्य महाराज आठ दिन बराबर ठहर कर अपनी शंकाओं का निवारण करते रहे वहाँ दिन के होते हुए भरत में रात्री का होना स्वाभाविक था और जब वहाँ रात्री हो जाती तो रात्री में वहाँ आहार लेना नियमानुसार विरुद्ध था। जिसके कारण आचार्य महाराज आठों दिन निराहार रहे। नियम को निर्दोष पालन करना भावों की स्वच्छता पर ही निर्भर है।

तीर्थंकर न्हवन के कुछ आंकड़े—भगवान तीर्थंकर के जन्म कल्याण के समय इन्द्रादिक देवादि देवों द्वारा १००८ स्वर्ण कलशों द्वारा अभिषेक होता है जो क्षीर सागर के जल जो क्षीर के समान जीव रहित निर्मल होता है देवों की पंक्ति में खड़े होकर हाथों हाथ लाया जाता है। उन स्वर्ण कलशों का विस्तार इस प्रकार से होना है—मुख एक योजन पेट चार योजन गहराई आठ योजन होती है। ऐसे १००८ कलशों से नवजात तीर्थंकर का अभिषेक सुमेरु पर्वत पर इन्द्रादि द्वारा सम्पन्न होता है। कवि ने कहा है—

जा धारा ते गिरि शिखर खण्ड खण्ड हो जाय।
सोधारा जिन शीस पर पुष्प कली सम जाय॥

महावीर स्वामी के अभिषेक के समय इन्द्र को शंका उत्पन्न हुई के भाजकल के समय जरा छोटे बालक इतनी मोटी जलधारा से रुक नहीं जाय, तुरन्त ही भगवान ने अपनी अवधि से उस शंका का समाधान इस प्रकार

लिया कि अपने पाँवे पर का अगूठा दबा कर सुमेरु पर्वत को डगमगा दिया। ऐसा होने पर इन्द्र का भ्रम दूर हो गया और तीर्थंकर भगवान तो अनन्त बल के धारी हैं बालक हुए तो क्या। तुरन्त ही इन्द्र ने अपना भूल स्वीकार कर क्षमा प्रार्थी हुआ।

तीर्थंकर के बल का प्रमाण—२००० सिंह का बल एक अष्टापद में दस लाख अष्टापद का बल एक बलदेव में दो बलदेव का बल एक वासुदेव में, दो वासुदेव का बल एक चक्रवर्ती में दस लाख चक्रवर्ती का बल एक देव में दस लाख देवों का बल एक इन्द्र में एसे अनन्त इन्द्र एक साथ मिल कर तीर्थंकर की चिटली (कनिष्ठा) अंगुली को भी हिला नहीं सकते। उदाहरण भी हरिवंश पुराण में मिलता है जब कृष्ण जी की सभी रानियाँ ने नेमनाथ तीर्थंकर को अपने पति के घमंड में स्वपति के बल का मान करते हुए उनका तिरस्कार करने के भाव प्रभु को नग्न करना जब जा ने सभी माण्य योधाओं को लोह शृंखला पकड़ कर कृष्ण सहित खेचने को कहा जब वे आप उस शृंखला को अपनी चिटली अंगुली से ही पकड़े थे तो सभी का पूर्ण बल लगने पर प्रभु ने अपना हाथ ऊंचा कर सभी को झूला दिया जिससे सभी रानी और कृष्ण जी को लज्जित होना पड़ा जिससे मान चूर चूर हो गया।

ज्योतिषी नक्षत्रों की ऊँचाई की सारणी (एक योजन=२००० कोस)

सूर्य–८०० यो० चन्द्रमा–८८० यो० २८ नक्षत्र–८८४–यो० बुध–८८८ यो० शुक्र–८९१ यो० बृहस्पति–८९४ यो० मंगल–८९७ यो० शनि–९०० यो० ऊंचाई पर है। इन नक्षत्रों का इन्द्र चन्द्रमा है ज्योति प्रकाश करने वाले होने से इनका नाम ज्योतषी देव कहलाया।

८४ लाख योनियों का ब्योरा—नित्य निगोद की सात लाख इतर निगोद की सात लाख पृथ्वी कायक सात लाख जल कायक सात लाख वनस्पति कायक दस लाख दो इंद्रिय-तेइंद्रिय चौइंद्रिय तीनों के दो दो लाख देव नारकी और पंच इंद्रिय तिर्यंचों के चार चार लाख मनुष्यों के १४ लाख। यह सब ही मिल कर ८४ प्रकार की योनियों के भेद हुए।

विदेह क्षेत्र में सीमंधर तीर्थंकर की आयु का अनुमान

श्री सीमंधर तीर्थंकर भगवान को भरत क्षेत्र में होने वाले मुनि मुव्रतनाथ जी तीर्थंकर के समय में केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था और भविष्यकाल के उत्सर्पिणी काल में जब छठे तीर्थंकर होंगे उस समय मोक्ष प्राप्त होगा। इतनी उनकी विदेह क्षेत्र में आयु है।

गति आगति के जिनागम अनुसार कुछ आंकड़े

(आगति) अर्थात् आना—नारकी जीव अपनी आयु पूर्ण करने पर पुनः नरक में जन्म नहीं होता है और देव गति में भी नहीं जन्म पा सकता। नारकी जीव नरकायु पूरी करने पर तिर्यंच और मनुष्य ही हो सकता है।

पहिले दूसरे तीसरे नरक के नारकी जीव मनुष्य पर्याय पा कर तीर्थंकर भी बन सकते हैं।

चौथे नरक के जीव तुरन्त मनुष्य जन्म धारण कर तद्भव मोक्षगामी हो सकते हैं।

पांचवें नरक के जीव नर पर्याय में आकर मुनि धर्म का पालन कर सकते हैं।

छठे नरक का जीव नर तथा पशु बन कर देश व्रत सम्यक्त्व तक की प्राप्ति करने में समर्थ हो सकता है।

सातवें नरक के जीव आयु पूर्ण कर पशु गति में कर्म भूमि के गर्भज ही होंगे। अथवा सातवें नरक के जीव पंचेन्द्रिय तिर्यंच ही होते हैं और तिर्यंच आयु पूर्ण कर पुनः नरक में ही जाते हैं।

किसी भी नरक से आये हुए जीव को चक्री-बलभद्र नारायण पद की प्राप्ति होना असंभव है।

(गति) सभी असैनी जीव मर कर जाते हैं, इससे आगे नहीं।

भुजसरी सर्प छिपकली आदि दूसरे

पक्षी तीसरे नरक तक ही जा सकते है।
उरग साप चौथे नरक तक ही जा सकते हैं।
सिंह पाचवें नरक तक ही जा सकता है।
स्त्री छटे नरक मे आगे नहीं जा सकती।
मनुष्य तथा तदुल मत्स्य सातवें नरक तक भी जाते है।
मनुष्य उत्तम सहनन धारी ही सातवें मे जा सकता है हीन सहननधारी नही।
यतर ज्योतिषी भवनवासी देव मर कर श्रेष्ठ शलाका पुरुष नही हो सकते तदभव मोक्ष गामी हो सकते हैं।

चौबीस ठाणा के उत्तर भेद

१ २ ३ ४ ५ ६
गति, इद्रिय अरु काय गिन योग अरु वेद कषाय।
७ ८ ९ १० ११
ज्ञान दरश सयम लखो लेश्या भव्य सहाय ॥१॥
१२ १३ १४ १५ १६
समक्ति सनि अहार का जिय-समास गुण-थान।
१७ १८ १९ २० २१
पर्याप्ति अरु प्राण गिन सज्ञा आश्रव ध्यान ॥२॥
२२ २३ २४
कुल जाती उपयोग गिन चौबीस ठाण भेद।
टाल सभी व्यवहार तजि तजो सकल जग खेद ॥३॥

(गतियाँ ४) देव मनुष अरु नारकी गति तिर्यच पिछान।
जे ससारी जीव हैं सुगतें दुख महान॥

(इद्रियाँ ५) सपरस रसना नासिका घ्राण कर्ण पहिचान।
पाचो इद्रिय वश करो जो चाहो निर्वान॥

(काय ६) पृथ्वी जल अरु अग्नि है वायु वनस्पति काय।
त्रसकायक भी जीव है दया करो मन लाय॥

(योग १५) सत असत्य अनुभय उभय मन के चार विचार।
इसी तरह से वचन के भेद किए निरधार॥
औदारिक इक काययोग दो औदारिक मिश्र।
वैक्रियक है तीसरो चौथो वैक्रियक मिश्र॥
पांच अहारक काय है छः अहारक मिश्र।
कार्माणक है सातवां सब पुद्गल का पिंड॥

(वेद ३) स्त्री पुरुष नपुंसका भेद तीन ले जान।
इन वेदनि सों मोड़ि मुख निज आतम पहिचान॥

(कषाय २५) क्रोध मान माया तथा लोभ सहित जो भाव।
चार चौकड़ी से गुनो सोलह भेद लखाव॥
हास्य अरति रति का गिला भय अरु शोक विचार।
जुगउप्सा अरु वेदत्रय नौ कषाय दुखकार॥

(ज्ञान ८) कुमति कुश्रुति अरु कुअवधि सुमति श्रुति यों जान।
मन पर्यय अरु केवली आठ भेद पहिचान॥

(संयम-७) असंयम संयमासंयम सामयिक को जान।
छेदोपस्थापन करो परिहार विशुद्धि विधान॥
सूक्ष्म साम्पराय गना यथाख्यात मन लाय।
संयम का धारण करो शिवपुर पहुंच जाय॥

(दर्शन ४) चक्षु अचक्षु अरु अवधि है केवल दर्श विधान।
तीन दर्श को त्यागिकर केवल दर्श लहान॥

(लेश्या ६) कृष्ण नील कापोत ये लेश्या अशुभ पिछान।
पीत पद्म अरु शुक्ल को शुभ लेश्या लो जान॥

(भव्य २) भव्य जीव शिवपुर लहैं अभवि भ्रमें जग माहिं।
कारि उपाय मिलाय कर समकित धरि मन माहिं॥

(समकत्व ६) मिथ्या सासादन समकित मिश्र भाव पहिचान।
उपशम वेदक क्षायका समकित षट विधि जान॥

(सनी २) जा शिक्षा धारण करे, सना जीव कहाय।
मन बिन शिक्षा ना ग्रहे जीव असनि कहाय॥

(आहारक २) आहारक व भेद दो आहारक अनहार।
'तारा' समझि मन आपने मत म करो विचार॥

(गुणस्थान १४) मिथ्या, सासादन कहा मिश्र अव्रती जान।
अणुव्रती प्रमत्तवृत अप्रमत्त गुण थान॥
अपूर्वकरण अष्टम समझि अनिवृत करण नव जान।
सूक्ष्म सापराय कहा, उपशाली मोह महान॥
क्षीण मोह करक तुरन्त केवलि थान उपाय।
भए अयोगी केवली शिवपुर पहुँच जाय॥

(जीव समास १६) पृथ्वी जल अरु अगिनि गिन वायु काय मिलाय।
नित्य औ इतर निगोद को दोय गुना कराय॥
सूक्षम बादर भेद से दो दो भांति लगाय।
जीव समास इस भांति स बारह भेद बताय॥
प्रत्येक वनस्पति एक है साधारण है एक।
दो इन्द्रिय जीव एक गिन ते इन्द्री जीव एक॥
चौइन्द्री भी एक है सनि असनि इक इक।
बारह सात मिलायकर, जीव समास अनेक॥

(पर्याप्ति ६) आहार पर्याप्ति प्रथम दोय शरीर सयोग।
तीजी इन्द्रिय पूर्णता भाषा मन सयोग॥
स्वासो का आवागमन षट विधि है पर्याप्ति।
पूर्णता का पायकर जीव द्रव्य हो व्याप्त॥

(प्राण १०) पांचो इन्द्रीय पूर्णता छठमा मनबल होय।
सप्त प्राण है वचन बल अष्ट काय बल होय॥
स्वास प्राण नवमा कहा, आयु प्राण दश जान।
कम से कम ता चार हो ज्यादा हो दस प्रान॥

(सज्ञा ४) आहार भय, मैथुन कहा परिग्रह सज्ञा जान।
इन रहते यह जीव नित भुगते दुख महान ॥

(उपयोग १२) आठ भेद हैं ज्ञान के चार दरश के जान।
द्वादश विधि उपयोग है कर आतम सरधान ॥

(ध्यान १६)

(आर्तध्यान ४) इष्ट वियोग विचारकर औ अनिष्ट सयोग।
पीडा का चिंतन करे कर निदान दुख भोग ॥

(रौद्र ध्यान-४) हिंसा कर आनन्द लहे झूठ बोल सुख होय।
चोरी कर सुख को लहे परिग्रह म रत होय ॥

(धर्म ध्यान ४) आज्ञा विचय विचारकर कर अपाय विच ध्यान।
